आईआईएम रांची का एनुअल मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन 4.0 शुरू, बिजनेस ब्रेंस के बीच छिड़ी जंग

आईपीएल जैसे प्लेयर ऑक्शन से बिजनेस इनवेस्टमेंट की क्लास

Annual Fest

सिटी रिपोर्टर | रांची

सूचना भवन स्थित आईआईएम कैंपस में एक तरफ स्टूडेंट्स अपने नए बिजनेस आइडियाज शेयर कर रहे थे, कहीं आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों का ऑक्शन हो रहा था। कई स्टूडेंट्स की टीमें बिजनेस की केस स्टडी सुलझाने में लगी थीं। मौका था आईआईएम रांची के एनुअल मैनेजमेंट फेस्ट 'एगॉन 4.0 ' का। शनिवार को सूचना भवन में आईआईएम रांची के प्रोफेसर केएन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके और स्टूडेंट्स ने प्रेयर सॉन्ग पेश कर इवेंट की शुरुआत की। फेस्ट में पहले दिन कई इवेंट हुए, जिसमें एक इवेंट का नाम था- 'क्रिकेट मंडी'।

अपने नाम के अनुरूप ही यह मंडी यूनिक थी, जिसमें आईपीएल की तर्ज पर ही क्रिकेटर्स का ऑक्शन हुआ। इस इवेंट में वहां मौजूद स्टूडेंट्स ने अपने बजट के हिसाब से बेस्ट टीम चुनने की कोशिश की।

देशभर के आईआईएम्स से 1500 से ज्यादा स्टूडेंट्स ले रहे हैं हिस्सा

इस मैनेजमेंट फेस्ट में 21 इवेंट्स हो रहे हैं। इनमें से कुछ सूचना भवन, कुछ सैटेलाइट कैंपस और कुछ खेलगांव में चल रहे हैं। देशभर के विभिन्न मैनेजमेंट संस्थानों से 1500 से ज्यादा स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन करीब 700 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बेंगलुरु, आईआईटी खड़गपुर, आईएसबी, एफएमएस, एक्सएलआरआई, आईआईएम कोलकाता, एक्सआईएमबी, एनएमआईएमएस, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, आईआईटी मद्रास आदि के स्टूडेंट्स हैं। इस आयोजन में आईआईएम रांची के 9-क्लब प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

क्रिकेट मंडी में भाग लेते आईआईएम के स्टूडेंट्स।

आज समापन में बीयर गेम होगा खास

आज मैनेजमेंट फेस्ट 'एगॉन 4.0' का समापन समारोह खेलगांव में होगा। इससे पहले इनकेस, बीजसिम, फाइनल स्ट्रीट, मेन्यूवेर, गनोसिस, बीयर गेम जैसे इवेंट्स होंगे।

बी-प्लान में मिले डाइट चार्ट व तनाश जैसे बिजनेस आइडिया

फेस्ट में आईआईएम रांची के ई-सेल की ओर से बी-प्लान कंपीटिशन हुआ। इसमें आईएसबी मोहाली, आईआईएम रोहतक, एनएमआईएमएस, आईएमआई दिल्ली आदि के स्टूडेंट्स ने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए। डाइट चार्ट- स्वस्थ और पौष्टिक भोजन के लिए, तनाश- सभी क्रीमेटोरियल सर्विस के लिए एक ऑनलाइन मंच जैसे आइडियाज शेयर किए। एनुअल मैनेजमेंट फाइनांस क्लब की ओर से प्लूटस हुआ, जो एक फ्लैगशिप बिजनेस वैल्यूएशन कंपीटिशन था।

Dainik Bhaskar, 30.09.2018, Pg. 01